/font>

Title: Need to sanction proposal for gauge conversion work between Darbhanga-Nirmali rail section.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर रेल मंडल अन्तर्गत दरभंगा-जयनगर रेल खंड का आमान परिवर्तन कार्य चल रहा है लेकिन दरभंगा-निर्मली रेल खंड के आमान परिवर्तन की स्वीकृति सरकार द्वारा अभी तक नहीं की गई है। प्रसन्नता की बात है कि निर्मली-भपटियाही रेल खंड जो कोशी नदी के रेल पुल एवं रेल पथ के बह जाने से वर्ा 1934 से बंद पड़ा था, उसे भारत सरकार ने चालू करने का निर्णय लिया है और इस हेतु राशि उपबंध की भी घोाणा की गयी है। कोशी नदी पर निर्माण कराया जाने वाला यह महत्वपूर्ण रेल पुल पूर्वी बिहार एवं मध्य बिहार की दूरी को घटाएगा। मेरी राय है कि इस प्रस्तावित पुल को बड़ी लाईन के उपयुक्त बनाया जाए एवं दरभंगा-निर्मली रेल खंड का आमान परिवर्तन की स्वीकृति कर निर्मली-भपटियाही रेल खंड में ब्रॉडगेज बिछवाई जाए।